05/12/2024

आकाशवाणी ईटानगर

भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक और रानी जेटसन पेमा वांगचुक ने आज नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। श्री मोदी ने भूटान की प्रगति और क्षेत्रीय विकास के बारे में भूटान नरेश के संकल्प की सराहना की। एक सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि दोनों ही देश अपनी अनूठी और टिकाऊ भागीदारी को लेकर प्रतिबद्ध है। भूटान नरेश जिग्मेय खेसर नामग्याल वांगचुक और रानी जेटसन पेमा वांगचुक आज दो दिन की यात्रा पर नई दिल्ली पहुंचे।

0000000000000000000

राज्यसभा में आज भारतीय वायुयान विधेयक दो हजार चौबीस पर चर्चा फिर से शुरू हुई। इस साल मानसून सत्र में लोकसभा पहले ही विधेयक पारित कर चुकी है। यह विधेयक केंद्र सरकार को किसी भी विमान के डिजाइन, निर्माण, रखरखाव, बिक्री, निर्यात या आयात को विनियमित करने और विमान संचालन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए नियम बनाने का अधिकार देता है। विधेयक का उद्देश्य सरकार को किसी भी हवाई दुर्घटना या घटना की जांच के लिए नियम बनाने का अधिकार देना भी है।

0000000000000000000000

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने आज श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से **प्रोबा-3** उपग्रह को ले जाने वाले पीएसएलवी सी 59 प्रक्षेपण यान का सफल प्रक्षेपण किया। प्रक्षेपण के बाद इसरो ने सोशल मीडिया पर कहा कि **पीएसएलवी-सी59** ने यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के प्रोबा-3 उपग्रहों को कक्षा मे सफलतापूर्वक पहुंचाने के लिए उड़ान भरी है। प्रोबा-3 यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी का एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है जिसके अंतर्गत दो उपग्रह अंतरिक्ष में भेजे गए हैं।

0000000000000000000

पूर्वोत्तर क्षेत्र की उल्लेखनीय विविधता का जश्न मनाते हूए, पहला अष्टलक्ष्मी महोत्सव अगले छह से आठ दिसंबर तक दिल्ली के प्रगति मैदान में भारत मंडपम में मनाया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उद्घाटन किए जाने वाले इस महोत्सव का उद्देश्य पूर्वोत्तर भारत के आठ राज्यों की सुंदरता, विविधता और संभावनाओं को प्रदर्शित करना है। अष्टलक्ष्मी महोत्सव का उद्देश्य पूर्वोत्तर भारत के वाईब्रेंट टैक्सटाईल सेक्टर, पर्यटन के अवसरों, पारंपरिक शिल्प कौशल और विशिष्ट भौगोलिक संकेत (जीआई) टैग वाले उत्पादों को प्रदर्शित करने के लिए एक गतिशील मंच प्रदान करना है। यह भारत के भविष्य के विकास में इसके रणनीतिक महत्व पर ध्यान केंद्रित करते हुए क्षेत्र की सांस्कृतिक संपदा के उत्सव के रूप में काम करेगा।

0000000000000000000

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल के. टी. परनायक ने आज नॉर्थ ईस्टर्न रिजनल इंस्टिट्यूट ऑफ साईंस एण्ड टेक्नॉलोजी के 10वें दीक्षांत समारोह में भाग लिया। कुल छह सौ दस ग्रेजुएट्स और पोस्ट ग्रेजुएट्स ने अपनी डिग्री प्राप्त की, जबकि छिहत्तर को डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी की उपाधि प्रदान की गई।

राज्यपाल ने अपने दीक्षांत समारोह में कहा कि यह स्नातको के जीवन और नेरिस्ट की यात्रा में एक महत्वपूर्ण माईल्स्टोन है, जिसने पिछले चार दशकों से अकादमिक उत्कृष्टता और समग्र शिक्षा के आदर्शों को लगातार कायम रखा है।

0000000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने अरुणाचल प्रदेश में साहसिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे और सुविधाओं के निर्माण पर जोर दिया है और हितधारकों से राज्य के लिए व्यावहारिक सुझाव देने का आह्वान किया है ताकि सरकार उन पर कार्रवाई कर सके। कल शाम तवांग में एडवेंचर टूर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के 16वें वार्षिक एडवेंचर कन्वेंशन में बोलते हुए श्री खांडू ने अरुणाचल प्रदेश में अपनी यात्रा की योजना बनाने के लिए उत्साही लोगों के लिए एडवेंचर टूरिज्म के दायरे और मानचित्रों पर एक पुस्तिका लाने के लिए एसोसिएशन की सराहना की। उन्होंने यह भी आशा व्यक्त की कि छह दिवसीय सम्मेलन तीन से आठ दिसंबर तक, न केवल अरुणाचल प्रदेश में बल्कि पूरे उत्तर पूर्व और देश में साहसिक पर्यटन को अगले स्तर तक ले जाने के लिए उज्ज्वल विचार और व्यावहारिक तरीके लेकर आएगा।

000000000000000000000

कल तवांग में मुख्यमंत्री पेमा खांडू की मौजूदगी में मेजर रालेंगनाओ बॉब खाथिंग वीरता संग्रहालय के रखरखाव के लिए राज्य सरकार और भारतीय सेना के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौता ज्ञापन पर तवांग के डिप्टी कमिश्नर कांगकी दारांग और एक सौ नब्बे माउंटेन ब्रिगेड के ब्रिगेडियर वी एस राजपूत के बीच हस्ताक्षर किए गए। समझौते पर हस्ताक्षर होने के साथ ही संग्रहालय का प्रबंधन पूरी तरह से भारतीय सेना द्वारा किया जाएगा।

0000000000000000000

बाम्बूसा लाईब्रेरी तेजू ने केंद्रीय संचार ब्यूरो, तेजू के सहयोग से कल लोहित में दो दिवसीय नौसेना दिवस समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर कक्षा आठवीं से बारहवीं तक के विद्यार्थियों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता तथा भारतीय नौसेना के वीरतापूर्ण बलिदानों पर पोस्टर और पुस्तकों की प्रदर्शनी लगाई गई। इस अवसर पर बोलते हुए बाईस अरुणाचल प्रदेश बटालियन एनसीसी के एसोसिएट एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ. राजेन मिवु ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश के युवाओं के लिए भारतीय नौसेना उनकी व्यक्तिगत प्रतिभा को सामने लाने और बढ़ावा देने तथा करियर बनाने के लिए पर्याप्त अवसर प्रदान करती है। उन्होंने नौसेना दिवस चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लेने वाले लोहित के पांच स्कूलों के सभी पैतालीस युवा कलाकारों को भी बधाई दी।

0000000000000000000

आदि समुदाय के लिबो, रामो और बोकार का कृषि त्यौहार पोदी बारबी आज पूरे राज्य में पारंपरिक उल्लास और धार्मिक उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने राज्य के लोगों, खासकर आदि जनजाति के बहनों और भाइयों को त्यौहार की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। अपने सोशल मीडिया पोस्ट में मुख्यमंत्री ने सामाजिक रीति-रिवाजों, अनुष्ठानों और लोकगीतों के माध्यम से सामूहिक सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने में राज्य के नागरिकों के महान योगदान को स्वीकार किया है।

0000000000000000000000